कला के रंग।    कुंभ के संग।।

# प्रयागराज महाकुम्भ-2025

# अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

**महाकुम्भ एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित**
**चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति**

## विवरण-पत्र

शेड्यूल, प्रविष्टि शुल्क तथा छायाचित्र को जमा करने की तिथि 20 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2024 तक




## राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0

(संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश)
लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, कैसरबाग, लखनऊ
slka_up@yahoo.com    www.statelalitkalaacademyup.org    0522-2616033
@slka_up    State Lalit Kala Akademi

# राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश

## संक्षिप्त परिचय

दृश्यकला के प्रोत्साहन एवं उन्नयन के लिए स्थापित इस अकादमी द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है कि छात्र–छात्राओं के साथ ही स्थापित एवं वरिष्ठ कलाकारों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जा सके। यही नहीं अकादमी द्वारा प्रदेश के वृहद क्षेत्र के दूरस्थ जिलों में कलाकारों तक अपनी योजनाओं के माध्यम से जन–सामान्य व कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाता है। क्षेत्रीय स्तर पर कलाकारों को प्रतियोगात्मक आयोजन व पुरस्कार की श्रृंखला राज्य एवं राष्ट्र स्तर तक क्रियान्वित की जाती है। पुरस्कारों की श्रृंखला में क्षेत्रीय, राज्य स्तरीय, अखिल भारतीय स्तर के पुरस्कार, युवा कलाकारों को प्रदर्शनी आयोजन के लिए आर्थिक सहयोग के साथ निर्धारित नियमों के अन्तर्गत निःशुल्क वीथिका आरक्षण, छात्रवृत्ति, उत्तर प्रदेश के कलाकारों को राज्य, राष्ट्र स्तर पर स्थापित करने के अंतर्गत युवा एवं वरिष्ठ कलाकारों की प्रदर्शनी, अंतर्राज्य विनिमय के अंतर्गत देश के अन्य राज्यों के साथ आदान–प्रदान, वरिष्ठ कलाकारों का विभिन्न अवसरों पर सम्मान व अति विशिष्ट कलाकारों को अकादमी द्वारा अधिसदस्यता सम्मान प्रदान किया जाता है। युवा कलाकारों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण, प्रोत्साहन के लिए विभिन्न माध्यमों की कार्यशालायें, कला शिविर, कला प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं। कला विषयक प्रकाशनों के साथ सेमिनार, संगोष्ठी आदि के माध्यम से समकालीन कला के विभिन्न पक्षों को उजागर करने का प्रयास किया जाता है। वित्तीय वर्श 2023–24 से अकादमी द्वारा प्रतिश्ठित पदमश्री बाबा योगेन्द्र कला सम्मान का शुभारम्भ किया गया है। इसके अन्तर्गत रू0 51000/– की सम्मान राशि, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है।

वैश्विक सांस्कृतिक आदान–प्रदान की योजना के अंतर्गत विभिन्न दूतावासों / केन्द्र सरकार के माध्यम से समय–समय पर अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रदर्शनी का आयोजन भी अकादमी द्वारा किया जाता है।

युवा पीढ़ी को दृश्यकला में अभिरूचि जाग्रत करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में ग्रीष्मकालीन कार्यशालायें व कला में अभिरूचि रखने वाले 18 वर्ष से ऊपर किसी भी आयु के नागरिकों को रचनात्मक कला प्रशिक्षण की व्यवस्था स्ववित्तपोषित रूप से संचालित की जाती है।उत्तर प्रदेश के ऐसे कलाकारों को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए कलाकार कल्याण कोष की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से कलाकारों को बीमारी आदि में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।कुम्भ हमें आध्यात्मिक उर्जा देता है, हर्ष एवं सौभाग्य का विषय है कि इस वर्ष प्रयागराज में महाकुम्भ–2025 का आयोजन प्रयागराज, उ0प्र0 में होने जा रहा है, इस सत्र की दृश्य कला कार्यक्रम व प्रदर्शनी महाकुम्भ को समर्पित है तो आइए हम सब मिलकर इस महा पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रदर्शनी में भाग लेकर पुण्य के भागीदार बनें।

### –: मुख्य गतिविधियाँ :–

1 उत्तर प्रदेश राज्य की वार्षिक कला प्रदर्शनियाँ एवं पुरस्कार।
2 हर तीसरे वर्ष अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार।
3 अखिल भारतीय छायाचित्र कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार ।
4 क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार।
5 वरिष्ठ कलाकारों की रिट्रास्पेक्टिव/ आमंत्रित कला प्रदर्शनियाँ।
6 राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय व अंतक्षेत्रीय प्रदर्शनियों का आयोजन।
7 अंतर्राज्य विनिमय कला प्रदर्शनियों का आयोजन।
8 कला–जागरूकता के ध्येय से संग्रहीत कृतियों की प्रदर्शनियां, व्याख्यान, चलचित्रों एवं पारदर्शियों का प्रदर्शन।
9 प्रतिभाशाली कलाकारों को उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्तियाँ/एकल कला प्रदर्शनी आयोजन हेतु आर्थिक सहायता।
10 विशिष्ट कलाकारों, कला समीक्षकों, कलाविदों, कला इतिहासकारों को अकादमी अधिसदस्यता सम्मान।
11 डॉ० राधाकमल मुखर्जी की स्मृति में कला व्याख्यानमाला।
12 व्याख्यान, सेमिनार व कला संगोष्ठियाँ।
13 अखिल भारतीय तथा प्रदेश स्तरीय कला शिविरों का विभिन्न माध्यमों/ विधाओं में आयोजन4क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार।
14 स्थायी कला संग्रह के लिये कलाकृतियों का क्रय।
15 कला– पुस्तकालय एवं वाचनालय की सुविधा उपलब्ध।
16 प्रदेश की कला संस्थाओं को मान्यता व कला गतिविधियों हेतु अनुदान प्रदान करना।
17 कला सम्बन्धी पुस्तकों, पत्रिकाओं, मोनोग्राफ, पोर्टफोलियो, पिक्चर पोस्टकार्ड आदि का प्रकाशन।
18 कला गतिविधियों के लिये वीथिका एवं श्रोतागार के आरक्षण की सुविधा।
19 रचनात्मक कला केन्द्र के माध्यम से कलाकारों को सृजन कार्य की सुविधा ।
20 विक्रय केन्द्र द्वारा प्रकाशनों एवं कलाकृतियों का विक्रय ।
21 कला पत्रिका "कला त्रैमासिक" का प्रकाशन।
22 पदमश्री बाबा योगेन्द्र कला सम्मान।

# प्रयागराज महाकुम्भ-2025
## अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी
**महाकुम्भ एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति**

**अपूर्ण सूची (शेड्यूल) निरस्त कर दी जायेगी।**
**प्रतियोगिता के लिए है / नहीं है, टिक करें।**

निदेशक,
राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश,
लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग,
(निकट पुराना हाईकोर्ट) कैसरबाग लखनऊ – 226001

महोदय/ महोदया,
विवरण पत्र में दिये नियम तथा अधिनियम को स्वीकार करते हुये निम्नलिखित कृतियों के छायाचित्रों को कुम्भ मेला प्रयागराज – 2025 अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी में प्रदर्शन हेतु प्रस्तुत कर रहे हैं / रही हूँ।

| क0सं0 | कृति का शीर्षक | माध्यम | माप से0मी0 | निर्मित किये जाने का वर्ष | मूल्य | | बीमा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | शब्दों में | अंको में | |
| 1. | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | |

प्रदर्शक/कलाकार का नाम श्री/श्रीमती/कु० ..........................................................................................................
पत्राचार का पता ..........................................................................................................
.......................................................................................................... फोन नं0 ..........................................
ई–मेल ..........................................................................................
दिनांक ................................ हस्ताक्षर कलाकार / प्रदर्शक

1. कृपया टिक करें कि प्रविशिट चित्रकला/रेखांकन/ग्राफिक्स/मूर्ति विद्या में प्रेशित की गयी है।
2. क्या आपने अपनी कृतियाँ पिछली कला प्रदर्शनी में भेजी थीं, यदि हाँ, तो कृपया बतायें:
क) प्रेषित कृतियों की संख्या
ख) कृतियाँ स्वयं प्रस्तुत की गई या रेल/वायु/सड़क / डाक द्वारा
ग) क्या कृतियों को वापस ले लिया/प्राप्त किया या नहीं
3. प्रवेश शुल्क की धनराशि रु.500/– नगद / मनीआर्डर/बैंक ड्राफ्ट से भेजी जा चुकी है

**कलाकार की घोषणा : मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि प्रविष्टि के रूप में प्रस्तुत कलाकृतियां किसी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित नहीं हुई है और ये 01.01.2020 के बाद बनाई गई है।**

दिनांक ......................................... हस्ताक्षर कलाकार

---

**कार्यालय के प्रयोगार्थ**

रसीद संख्या .................................................................. दिनांक ........................................ धनराशि ..........................................
नगद / मनीआर्डर/बैंक ड्राफ्ट .......................................................................................... हस्ताक्षर ..................................

**प्रेषण पर्ची (पैकेट के ऊपर चिपकायें)**

**प्रयागराज महाकुम्भ–2025, अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी**

**महाकुम्भ एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति**

**..................................... से ........................................................ तक**

**प्रेषण का साधन :**

**रेल द्वारा/हवाई मार्ग द्वारा/रजि0 पार्सल/डाक**

**सेवा में,**

**निदेशक,**

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**

**लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग,**

**(निकट पुराना हाईकोट) कैसरबाग, लखनऊ–226001, उ0प्र0**

**भेजने वाले का नाम और पता :**

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
महाकुम्भ प्रयागराज–2025
अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

कलाकार का नाम ..........................................
कृति प्रेशक का नाम ......................................
पता ........................................................
..............................................................
शीर्शक (हिन्दी में) ......................................
मूल्य .............................. माध्यम ....................
कृति निर्माण वर्ष ..........................................

दिनांक हस्ताक्षर

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
महाकुम्भ प्रयागराज–2025
अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

कलाकार का नाम ..........................................
कृति प्रेशक का नाम ......................................
पता ........................................................
..............................................................
शीर्शक (हिन्दी में) ......................................
मूल्य .............................. माध्यम ....................
कृति निर्माण वर्ष ..........................................

दिनांक हस्ताक्षर

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
महाकुम्भ प्रयागराज–2025
अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

कलाकार का नाम ..........................................
कृति प्रेशक का नाम ......................................
पता ........................................................
..............................................................
शीर्शक (हिन्दी में) ......................................
मूल्य .............................. माध्यम ....................
कृति निर्माण वर्ष ..........................................

दिनांक हस्ताक्षर

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
महाकुम्भ प्रयागराज–2025
अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

कलाकार का नाम ..........................................
कृति प्रेशक का नाम ......................................
पता ........................................................
..............................................................
शीर्शक (हिन्दी में) ......................................
मूल्य .............................. माध्यम ....................
कृति निर्माण वर्ष ..........................................

दिनांक हस्ताक्षर

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
महाकुम्भ प्रयागराज–2025
अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

कलाकार का नाम ..........................................
कृति प्रेशक का नाम ......................................
पता ........................................................
..............................................................
शीर्शक (हिन्दी में) ......................................
मूल्य .............................. माध्यम ....................
कृति निर्माण वर्ष ..........................................

दिनांक हस्ताक्षर

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
महाकुम्भ प्रयागराज–2025
अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

कलाकार का नाम ..........................................
कृति प्रेशक का नाम ......................................
पता ........................................................
..............................................................
शीर्शक (हिन्दी में) ......................................
मूल्य .............................. माध्यम ....................
कृति निर्माण वर्ष ..........................................

दिनांक हस्ताक्षर

कला के रंग ! कुम्भ के संग !!

# प्रयागराज महाकुम्भ-2025
# अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी
## महाकुम्भ एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति

राज्य ललित कला अकादमी उ.प्र., लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग,(निकट पुराना हाईकोर्ट) लखनऊ–226001

शेड्यूल, प्रविष्टि शुल्क तथा छायाचित्र को जमा करने की तिथि 20 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2024 तक

**पुरस्कार :**

1 श्रेष्ठ 10 कलाकृतियों के कलाकारों को रुपये 50,000/– (रुपये पचास हजार) प्रति का पुरस्कार दिया जायेगा।

2 यह पुरस्कार राज्य ललित कला अकादमी उ.प्र. द्वारा महाकुम्भ प्रयागराज–2025 अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी के नाम से होंगे।

3 महाकुम्भ प्रयागराज –2025 अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी के लिए अकादमी द्वारा एक चयन एवं निर्णायक समिति गठित की जायेगी। निर्णायक मण्डल दस पुरस्कार देने को बाध्य नहीं होगा।

**क्रय :–**

4 अकादमी कला प्रदर्शनी से कुछ कलाकृतियाँ क्रय कर सकती है। इसलिये कलाकारों को चाहिये कि वे अपनी कलाकृतियों का उचित मूल्य रखें।विक्रय धनराशि से 15 प्रतिशत कलाकार सहायता कोष के लिये राशि काटी जायेगी।

सामान्य :–

5 प्रविष्टियों के चयन के तीन चरण होंगे। प्रथम चरण में विवरण पत्र के साथ भेजे गये छायाचित्रों में से उत्कृष्ठता के आधार पर प्रदर्शनी हेतु चयन किया जायेगा। चयनित प्रविष्टि की मूल कलाकृति अकादमी को प्रस्तुतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराना होगा। तत्पश्चात प्रतियोगिता के लिए है की प्रविष्टियों में से पुरस्कारों का चयन किया जायेगा।जब तक अकादमी द्वारा सूचित न किया जाये तब तक कलाकार द्वारा अपनी कोई कृति सीधे अकादमी को नहीं भेजी जायेगी। प्रदर्शनी के लिये चयनित किसी भी कृति को यदि वह अशोभनीय/भारतीय संस्कृति लगती है तो उसे हटाने का अधिकार अध्यक्ष, रा.ल.क., अकादमी, उ.प्र. को होगा।

6 कुम्भ मेला, प्रयागराज –2025 अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी से क्रय की गयी कलाकृतियोंका सर्वाधिकार (कापी राइट) अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा। कलाकारों को इस आशय का एक प्रमाणपत्र देना होगा जब उन्हें अकादमी से क्रय की सूचना प्राप्त हो।

8 उपरोक्त किसी भी नियम में परिवर्तन / संशोधन करना अकादमी के अधिकार में होगा। इस सम्बन्ध में अकादमी का निर्णय अन्तिम होगा।

9 मूर्तियां टिकाऊ पदार्थ की होनी चाहिये जैसे धातु, काष्ठ, पत्थर, प्लास्टिक, फाइबर ग्लास इत्यादि । कागज, प्लास्टर, मिट्टी या अन्य कमजोर पदार्थ की मूर्तियां कलाकार की जिम्मेदारी पर स्वीकार की जायेंगी।

10 अकादमी द्वारा समस्त पत्र–व्यवहार विवरण पत्र में दिये गये पते पर किया जायेगा। पता परिवर्तन की सूचना तत्काल कलाकार द्वारा अकादमी को दी

11 समस्त पत्र व्यवहार का पता है–निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र., लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, (निकट पुराना हाईकोर्ट) कैसरबाग, लखनऊ–226001. उत्तर प्रदेश। दूरभाष : 0522–2616033, 26284531

12 विवरण पत्र में दिये गये किसी भी नियम की अवहेलना की स्थिति में प्रविष्टि निरस्त की जा सकती है।

13 सभी प्रतिभागी कलाकार केवल एक प्रति निःशुल्क सचित्र सूची पत्र (कैटलाग) के हकदार होंगे चाहे उनके द्वारा कई माध्यमों में भागीदारी की गई हो।

**कृतियाँ :**

14 महाकुम्भ प्रयागराज –2025 अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी में चयन हेतु अधिकतम तीन कृतियों के 8 x 10 – 10" x 12" आकार के दो–दो सुस्पष्ट छायाचित्र मान्य होंगे। निर्धारित आकार से छोटे छायाचित्रों को प्रेषित करने पर उन्हें चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जायेगा, छायाचित्र के पीछे नाम नहीं लिखा जायेगा। केवल फार्म में प्रविष्टि के रूप में अंकित किये गये क्रमांक को दर्ज किया जायेगा।

15 प्रतिगोगिता में केवल महाकुम्भ एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति से संबंधित कृतियाँ ही प्रदर्शित की जायेंगी, अतः कलाकर कोई अन्य विषय से संबंधित कृतियों की प्रविष्टि न भेजें।

16 पूर्व में किसी भी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित कृतियां मान्य न होंगी। समस्त कृतियां 01.01.2020 के बाद की होनी चाहिये। इस नियम के उल्लंघन के फलस्वरूप प्रविष्टि निरस्त मानी जायेगी।

17 चयन एवं निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम होगा तथा चयन एवं निर्णय के सम्बन्ध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा।

18 किसी भी चयनित कृति की प्रतिकृति तैयार करने का अधिकार अकादमी को होगा और प्रतिकृति का विक्रय अकादमी कर सकती है।

19 30.11.2024 के बाद प्राप्त प्रविष्टियां चयन प्रक्रिया से वंचित रहेंगी। प्रविश्टि एवं शुल्क को वापस नहीं किया जायेगा और इस सम्बन्ध में कोई भी पत्र–व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

20 कोई भी प्रदर्शक जिसकी कृतियां प्रदर्शित हैं, उसे अपनी कृति को प्रदर्शनी समाप्त होने के पूर्व हटाने का अधिकार न होगा।

21 पूर्ण प्रवेश शुल्क भुगतान के पूर्व कोई भी कलाकृति चयन हेतु चयन समिति को प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 22 प्रदर्श के लिये जो क्षेत्र प्रत्येक कलाकार को आवंटित किया जायेगा वह अधिकतम 6' ग6' चित्र और 3' x 3' x 3' मूर्ति के लिए होगा।

**प्रस्तुतीकरण एवं लेबल लगाना**

23 कृतियों को उचित चौखट युक्त (फ्रेम्ड) होना चाहिये।

24 लेबल विवरण पत्र के साथ भेजे जा रहे हैं। प्रत्येक कृति के साथ 2 लेबल होने चाहिये। एक उल्टी तरफ चिपका दिया जाये तथा दूसरा मजबूत धागे से बांध दिया जाये।

25 छायाचित्र प्रेषित करने से ही समझा जायेगा कि ऊपर दिये गये सारे नियम तथा अधिनियम मान्य हैं।

**सूची :–**

26 संलग्न शेड्यूल तथा परची सही–सही भरें और अपने कला जीवन वृतान्त (बायोडेटा) के साथ डाक से भेजें या फिर स्वयं आकर निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र. से रसीद लेकर 20 अक्टूबर, 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक जमा करें।

27 आवेदन पत्र प्राप्त करने के बाद सूची (शेड्यूल) में परिवर्तन सम्भव नहीं है। सूची (शेड्यूल) में दिया गया विवरण अन्तिम माना जायेगा।

28 सूची (शेड्यूल) अकादमी द्वारा प्रेषित प्रपत्र पर ही होना चाहिये। प्रदर्शक को स्पष्ट करना होगा कि उसकी प्रविष्टि चित्रकला रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति में है। विवरण पत्रिका अकादमी की वेबसाइट website : www.statelalitkalaacademyup.org पर उपलब्ध है।

29 प्रति कलाकार प्रवेश शुल्क रुपये 500/– (रुपये पांच सौ मात्र) अधिकतम तीन कृतियों के लिये है। प्रवेश शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

30 प्रवेश शुल्क निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी उ.प्र. के नाम से लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, (निकट पुराना हाईकोर्ट) कैसरबाग, लखनऊ – 226001 के पते पर नकद / मनीआर्डर / बैंक ड्राफ्ट जो लखनऊ में देय हो शेड्यूल फार्म, छायाचित्र, जीवन परिचय, पोट्रेट के साथ स्वयं या उचित माध्यम से दि0 20 अक्टूबर, 2024 से 30 नवम्बर 2024तक भेज सकते हैं। किसी अन्य रूप में प्रवेश शुल्क मान्य नहीं होगा।

31 मनीआर्डर कूपन पर नीचे लिखी सूचना आवश्यक हैः–

(अ) भेजने वाले का नाम और पता,

(ब) भेजी गयी धनराशि,

(स)भेजने का उद्देश्य ।

**पैकेट तथा भेजना :**

32 कृतियों को मजबूत बक्सों में रखना चाहिये ताकि वे रेल यातायात में सुरक्षित रहें। यदि रेलवे किसी पैकेट को अनुपयुक्त कहकर नहीं स्वीकार करती है तो अकादमी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

33 प्रदर्शकों को सलाह दी जाती है कि वह बक्सों को रेलवे ट्राजिन्ट बीमा के अन्तर्गत (अपने खर्च पर) भेजें जिससे रेलवे उसके प्रबन्ध में सतर्कता बरते।

34 बक्से के ढक्कन को पेंच से कसा जाये, कीलों से नहीं। हर ढक्कन में अन्दर की तरफ एक पैकिंग सूची होनी चाहिये जिसमें विस्तार से कलाकार / प्रदर्शक का नाम, पता तथा अन्य उसमें रखी वस्तुओं की सूची होनी चाहिये।

35 कला प्रदर्शनी के लिये भेजे गये समस्त पैकेट जिसमें प्रदर्श रखे हैं चाहे रेल, एयरमेल, डाक से भेजे गये हों उन पर अंकित होना चाहिये। "अन्तर्वस्तु महाकुम्भ प्रयागराज – 2025 अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी, लखनऊ के लिये है।"

36 बक्से / पार्सल के ऊपर पूर्ण विवरण चिपकाना होगा। पार्सल लखनऊ स्टेशन के लिये बुक किया जाये। सारे पैकेज पूर्व फ्रेट पेड होने चाहिये तथा उन पर पता निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, (निकट पुराना हाईकोर्ट) कैसरबाग, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश होना चाहिये। स्थानीय तथा वाह्य स्टेशनों की प्राप्ति।

37 केवल स्थानीय कलाकार या निकटवर्ती क्षेत्रों के कलाकार कृतियों को स्वयं राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश, लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, कैसरबाग लखनऊ में निर्धारित तिथि तक कार्यालय दिवसों में 10:30 बजे से 1.30 बजे दोपहर तक तथा दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। वापसी के लिये अग्रिम किराया भुगतान आवश्यक है।

38 पार्सल न प्राप्त होने की दशा में, या पार्सल के बिल न प्राप्त होने या देर से प्राप्त होने की दशा में या प्रेषित माल के इधर–उधर हो जाने की दशा में वाहक चाहे रेलवे हो या एयरवेज हो अकादमी जिम्मेदार न होगी।

39 जमा किये गये प्रदर्श एक माह के अन्दर प्रदर्शक को प्रदर्शनी समाप्ति के पश्चात वापस ले लेना होगा अन्यथा अकादमी द्वारा उनका निपटारा किसी भी तरह से कर दिया जायेगा।

40 अकादमी द्वारा प्रदर्शक द्वारा सूची (शेड्यूल) में दिये गये या अन्य बताये गये पते पर प्रदर्श वापस भेज दिया जायेगा। अकादमी प्रदर्शों को वापस नहीं भेजेगी और कोई जिम्मेदारी नहीं लेगी, यदि प्रदर्शक निर्धारित पते पर प्रदर्श वापस लेने में असमर्थ है।

41 इस अवस्था में जब प्रदर्शक पार्सल नहीं आता है और रेल अधिकारी बकाया वसूल करने के लिय प्रदर्श को नीलाम कर देते हैं और फिर भी प्रदर्शक बाकी रकम के भुगतान का जिम्मेदार होगा।

# प्रयागराज महाकुम्भ-2025

# अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी

**महाकुम्भ एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित**
**चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, मूर्ति**




**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।**

निदेशक
**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
(संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश)
लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, कैसरबाग, लखनऊ
slka_up@yahoo.com www.statelalitkalaacademyup.org 0522-2616033
@slka_up State Lalit Kala Akademi